# कार्यालय– प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ओबरा सोनभद्र

दिनांकः 31.12.2025

## परीक्षा फार्म जमा करने के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना

महाविद्यालय के नवप्रवेशित स्नातक (B.A./B.Sc./ B.Com) तथा स्नातकोत्तर (M.A./M.Sc./ M.Com) प्रथम सेमेस्टर के समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय की वेबसाइट पर छात्र–छात्राओं के नाम की सूची उनके पंजीयन संख्या (Enrolment Number) के साथ दिनांक 24.12. 2025 को अपलोड कर दिया गया है। अतः सभी छात्र/छात्राएं अपना Enrolment Number सूची में देख लें तथा मां विंध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मिर्जापुर के समर्थ पोर्टल से अपना परीक्षा आवेदन पत्र जल्द से जल्द भर लें।

जो भी छात्र/ छात्राएं अपना परीक्षा आवेदन पत्र भर लिए हैं वे सभी दिनांक 02 जनवरी 2026 को समय प्रातः 11:00 से परीक्षा आवेदन पत्र के साथ अपने प्रवेश के ग्रीन कार्ड का फोटो कॉपी तथा फीस रशीद को संलग्न करके महाविद्यालय में जमा करें। सभी छात्र/ छात्राओं को निर्देशित किया जाता है कि सभी अपने परीक्षा आवेदन पत्र को ध्यान से पढ़ लें यदि

व्यक्तिगत विवरण में

या

विषय/प्रश्नपत्रों के चयन में

किसी प्रकार की कोई त्रुटि हो गई हो तो परीक्षा विभाग से त्रुटि को सही करने के बाद परीक्षा आवेदन पत्र का पुनः प्रिंटआउट लेकर परीक्षा आवेदन पत्र महाविद्यालय में जमा करेगें।

**नोटः–**

1. यदि किसी छात्र–छात्रा के परीक्षा आवेदन पत्र में उसके व्यक्तिगत विवरण में या फिर विषय/प्रश्नपत्रों के चयन में किसी भी प्रकार की त्रुटि होती है तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित छात्र–छात्रा की होगी। इसलिए सभी छात्र–छात्राएं ध्यान पूर्वक अपने परीक्षा आवेदन पत्र को पढ़ लें उसके बाद ही महाविद्यालय में जमा करें।

2. व्यक्तिगत विवरण में हुई त्रुटि को छात्र–छात्रा के हाई स्कूल के अंक पत्र के अनुसार ही किया जाएगा। अतः व्यक्तिगत विवरण में सुधार करने के लिए हाई स्कूल का अंक पत्र लाना अनिवार्य है।

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
ओबरा–सोनभद्र